>

Titel: Need to run more trains and provide stoppages for trains passing through Robertsganj Parliamentary Constituency of Uttar Pradesh.

श्री छोटेलाल (राबट्‌र्सगंज) : माननीय अध्यक्ष महोदया, उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल में मात्र एक संसदीय क्षेत्र ऐसा है, जहाँ चार प्रदेशों - मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखण्ड तथा बिहार - के बॉर्डर लगते हैं। मेरे ही संसदीय क्षेत्र में राबट्‌र्सगंज, चोपन, ओबरा, रेणुकूट आदि रेलवे स्टेशन हैं। इन स्टेशनों से कई मेल-एक्सप्रेस गाड़ियाँ गुजरती हैं। मगर किसी भी ट्रेन का ठहराव इस स्टेशन पर नहीं है। जिसके कारण वहाँ के आसपास के गांवों एवं शहरों के लाखों लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। साथ-साथ प्रयागराज एक्सप्रेस एवं शिवगंगा एक्सप्रेस, जो इलाबाद एवं वाराणसी तक जाती हैं। शिवगंगा एक्सप्रेस को वाराणसी से बढ़ाकर राबट्‌र्सगंज तथा उक्त सभी स्टेशनों से होते हुए सिंगरौली तक किया जाए, तथा प्रयाग राज एक्सप्रेस को राबट्‌र्सगंज, चोपन, ओबरा, रेणुकूट, शक्ति नगर, विंधमगंज होते हुए गढ़वा तथा डाल्टेनगंज तक चलाने से वहाँ की आम जनता के लिए बहुत अच्छी सुविधा हो जाएगी। वाराणसी से एक लोकल पैसेंजर ट्रेन सोनभद्र के सभी स्टेशनों से होते हुए विंधमगंज तक चलायी जाए। यह बहुत गंभीर मामला है। सोनभद्र एक बहुत ही पिछड़ा इलाका है। अतः सदन के माध्यम से मैं रेल मंत्री जी से मांग करता हूं कि उपरोक्त बातों को ध्यान में रखते हुए उचित कार्रवाई करने की कृपा करें।